कार्यालय वनमंडलाधिकारी, पूर्व छिंदवाड़ा वनमंडल छिंदवाड़ा

E-mail ID :: dfotechwara@mp.gov.in P.- (07162)243457, Fax (07162)242267

क्रमांक/तकनीकी/2024/ 761 **छिंदवाड़ा, दिनांक/** 13-3-24

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(कक्ष - भू प्रबंध)
वन भवन भोपाल म.प्र.

विषय :— छिंदवाड़ा जिले में तंसरा से नोनीछापर मार्ग के निर्माण / उन्नयनीकरण हेतु 3.082 हेक्टेयर वनभूमि लोक निर्माण विभाग, छिंदवाड़ा को उपयोग पर देने बाबत्। (सी.एम. हेल्प लाइन शिकायत कमांक 21259003 दिनांक 04.2023 एवं 22113783 दिनांक 07.05. 2023)

संदर्भ :— 1 आपका पत्र पृष्ठांकन क./एफ–5/1080/2021/10–11/627 दिनांक 09.02.2023
2 कार्य पालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग छिंदवाड़ा का पत्र कमांक पृष्ठांकन कमांक/222 दिनांक 09.01.2024

——000——

निवेदन है कि, विषयांकित प्रकरण में तंसरा से नोनीछापर मार्ग लम्बाई 7.50 कि.मी. के एकरेखण में आने वाले 3.082 हेक्टेयर वनभूमि में मार्ग निर्माण हेतु भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा 5 बिन्दुओ पर आवेदक विभाग से जानकारी चाही गई थी, जिसके तारतम्य में आवेदक विभाग द्वारा उनके पत्र कमांक 221 दिनांक 09.01.2024 से बिन्दुवार जानकारी का प्रतिवेदन आपको प्रेषित की गई है एवं उक्त प्रतिवेदन की प्रविष्टि परिवेश पोर्टल 1.0 पर दिनांक 14.02.2024 को की गई है।

प्रतिवेदन सूचनार्थ सादर संप्रेषित है।

(ब्रिजेन्द्र श्रीवास्तव) भा.व.से.
वनमंडलाधिकारी
पूर्व छिंदवाड़ा वनमंडल छिंदवाड़ा

पृष्ठा.क्रमांक/माचि/2023/ 762 **छिंदवाड़ा, दिनांक/** 13-3-24

प्रतिलिपि :— 01 वन संरक्षक छिंदवाड़ा वन वृत्त की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
02 कार्य पालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग छिंदवाड़ा की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

वनमंडलाधिकारी
पूर्व छिंदवाड़ा वनमंडल छिंदवाड़ा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री,लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग, छिन्दवाड़ा

email :- eepwd1chhind@mp.nic.in

ज्ञाप कमांक/ 221/त0शा/तन्सरा–नोनीछापर/2023–24, छिंदवाड़ा, दिनांक 9/01/24

प्रति,

प्रधान मुख्य वनसंरक्षक,(कक्ष भू–प्रबंध)
सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश,
भोपाल.

विषय : छिंदवाड़ा जिले में तंसरा से नोनीछापर मार्ग के निर्माण/उन्नयनीकरण हेतु 3.082 हेक्टर वनभूमि लोक निर्माण विभाग, छिंदवाड़ा को उपयोग पर देने बाबत।

संदर्भ : (1) आपका पत्र कमांक/एफ–5/1080/2021/10–11/626, दिनांक 09.02.2023
(2) इस कार्यालय का पत्र कमांक/4326/त0शा0/तंसरा–नोनीछापर/2023–24, दिनांक 14.08.2023 (छायाप्रति संलग्न)

––0––

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों के तारतम्य में लेख है कि **''तन्सरा से नोनीछापर मार्ग लंबाई 7.50 कि0मी0''** के एकरेखण में आने वाली 3.082 हेक्टेयर वनभूमि में मार्ग निर्माण हेतु भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के पत्र कमांक 6–एमपीबी 097/2021–बीएचओ/ दिनांक 07.02.2023 से पांच बिन्दुओं पर जानकारी चाही गई थी। पांच बिन्दुओं की वांछित जानकारी निम्नानुसार है :–

बिन्दु कमांक–(1) – इस एकरेखण में नवीन मार्ग का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। यह मार्ग वर्ष 1980 के पूर्व से विद्यमान गाड़ीदान कच्चा मार्ग है जिसका उपयोग ग्रामीणों द्वारा अपने आवागमन हेतु किया जा रहा है।

बिन्दु कमांक–(2) – राष्ट्रीय राजमार्ग कमांक–547 पर स्थित ग्राम तन्सरा से ग्राम नोनीछापर पहुँच हेतु अन्य कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं है। इस हेतु इस एकरेखण पर मार्ग का निर्माण प्रस्तावित किया गया है।

बिन्दु कमांक–(3) – म0प्र0शासन, लोक निर्माण विभाग, भोपाल से प्राप्त प्रशासकीय स्वीकृति पत्र की छायाप्रति संलग्न प्रस्तुत है।

बिन्दु कमांक–(4) – वनमण्डलाधिकारी, पूर्व छिंदवाड़ा वनमण्डल से अनुमोदित Muck Disposal Calculation, Muck Disposal Scheme संलग्न प्रस्तुत है।

बिन्दु कमांक–(5) – CWLW, में निहित शर्तो का पालन इस विभाग द्वारा पूर्ण रूप से किया जावेगा।

सहपत्र :– उपरोक्तानुसार.

कार्यपालन यंत्री,
लो.नि.वि.(भ/स) संभाग,
छिन्दवाड़ा

पृष्ठांकन कमांक/ 222/त0शा/सिल्लेवानी–तेलियापठार/2023–24, छिंदवाड़ा, दिनांक 9/01/24

प्रतिलिपि,

1) **कलेक्टर**, छिंदवाड़ा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2) **वन संरक्षक**, छिंदवाड़ा वन वृत्त की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3) **वनमण्डलाधिकारी**, पूर्व छिंदवाड़ा वनमण्डल, छिंदवाड़ा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4) **अनुविभागीय अधिकारी**, लोक निर्माण विभाग (भ/स), उपसंभाग सौंसर की ओर उक्त संदर्भित पत्र की छायाप्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

सहपत्र :– शून्य.

कार्यपालन यंत्री,
लो.नि.वि.(भ/स) संभाग,
छिन्दवाड़ा

D.F.O.
East.Cwa Dn.

कार्यालय वन मंडल अधिकारी
क्रमांक 77
दिनांक 11/1/24